श्री गोरल/गोल्ज्यू महोत्सव 2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा समस्त निर्माता फर्मों/कम्पनी/उद्योग/अधिकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों अनुभवी व्यक्तियों/संस्थाओं /सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद्, चम्पावत द्वारा दिनांक 04.05.2026 से दिनांक 13.05.2026 तक गोरल चौड़ मैदान में प्रस्तावित श्री गोरल/गोल्ज्यू महोत्सव–2026 के सफल आयोजन हेतु निम्नलिखित तालिका में वर्णित समस्त व्यवस्थाओं/कार्यो को करवाये जाने/संपादित किये जाने हेतु दिनांक 27.04.2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य के भुगतान उपरान्त दिनांक 24.04.2026, 25.04.2026, 26.04.2026 को कार्यालय दिवस में (प्रातः 10.00 से अपराह्न 05.00बजे तक) प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 27.04.2026 को अपराह्न 01:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें/जानकारी वर्णित तिथियों में किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं–

क्रम सं0	कार्य एवं स्थल का विवरण	न्यूनतम निविदा मूल्य (समस्त करों सहित)	निविदा प्रतिभूति	निविदा प्रपत्र मूल्य + 18% GST	निविदा की वैद्यता
1	श्री गोरल/गोल्ज्यू महोत्सव–2026 के सफल आयोजन हेतु मेला क्षेत्र में 09×09 वर्ग फीट आकार के 300 अस्थाई टीन शेड आधारित दुकानों का निर्माण तथा 16×16 वर्ग फिट आकार की 05 अस्थायी वाटर प्रूफ कैनोपी का निर्माण। निर्मित की गयी 300 दुकानों में से पालिका द्वारा 50 चिन्हित की जाने वाली दुकानें तथा 05 अस्थायी वाटर प्रूफ कैनोपी पालिका प्रशासन के लिए निःशुल्क आरक्षित रखनी होगी। अवशेष 250 दुकानों का आवंटन चयनित निविदादाता द्वारा किया जायेगा। मेला परिसर में मनोरंजन गतिविधियों के लिए पालिका द्वारा चिन्हित कराये गये स्थल में झूले, ज्वाइन्ट व्हिल, कोलम्बस/नाव, ड्रेगन ट्रेन, मारूती सर्कस, जम्पिंग, नैनो, बतख, हेलीकॉप्टर, मिक्की माउस, ब्रेक डॉस की स्थापना एवं संचालन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जानी होगी।	30.00 लाख	85,000.00	2000.00 +360.00 (GST 18%) = 2360.00	30 दिन

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(प्रेमा पाण्डेय)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

कार्यालय नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

पत्रांकः 67 /नि0सूच0/2026.27 दिनांक 24/04/2026

1. जिलाधिकारी, चम्पावत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. वरिष्ठ कोषाधिकारी, कोषागार कार्यालय चम्पावत को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0 लो0नि0वि0 चम्पावत को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. विज्ञापन व्यवस्थापक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को सर्व साधारण के सूचनार्थ न्यूनतम पठनीय स्थान अथवा 10X10 वर्ग सेमी साईज पर न्यूनतम राजकीय दरों में अपने दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाते हुए बिल को जिला सूचना अधिकारी,चम्पावत से सत्यापित कर नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
5. नोटिस बोर्ड, नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(प्रेमा पाण्डेय)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।